# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 20 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2081

**PAGE NO : 06 MIDDLE**


## आधुनिकता की घुटन को उजागर कर गया नाटक

**संभागीय नाट्य समारोह में नाटक 'एक इंस्पेक्टर से मुलाकात' का हुआ मंचन**

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। संभागीय नाट्य समारोह में बुधवार को नाटक 'एक इंस्पेक्टर से मुलाकात' का मंचन रिद्धिमा प्रेक्षागृह में किया गया। रहस्य व रोमांचक से भरा नाटक आधुनिकता के दबाव से पैदा होने वाली घुटन को उजागर कर गया।

उप्र संगीत नाटक अकादमी और एसआरएमएस रिद्धिमा की ओर से चल रहे समारोह के दूसरे दिन लखनऊ की इमेंस आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी की ओर से मंचित नाटक उच्च वर्ग की जीवन शैली पर केंद्रित है।

इसकी शुरुआत मिस्टर खन्ना की बेटी और शहर के दूसरे बड़े उद्योगपति मिस्टर कपूर के लड़के की सगाई के दृश्य से होती है। घर में छोटी सी पार्टी का इंतजाम है। इसी दौरान पुलिस इंस्पेक्टर घर में प्रवेश करता है। वह एक लड़की की खुदकुशी के मामले में सब से पूछताछ करने आया है। पल भर में माहौल बदल जाता है। यहीं से नाटक के हर पात्र की परतें उधड़ती हैं और नए-नए रहस्य उजागर होते हैं।

समारोह के मुख्य अतिथि बरेली आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख डा. विनय वर्मा रहे।

इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऊषा गुप्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बृहस्पतिवार शाम पांच बजे से गगनिका सांस्कृतिक समिति शाहजहांपुर की ओर से नाटक 'भुवनेश्वर दर भुवनेश्वर' का मंचन किया जाएगा।